तापमान

अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 जल आवर्धन योजना फेज-2 का कार्य अंतिम चरण पर पहुंचा



14 बारिश बनी धमतरी की जीवनरेखा, दो मीटर उछला...




## खबर संक्षेप

### पूर्व पार्षदों का स्नेह सम्मेलन आज



**धमतरी।** नगर पालिका धमतरी के पूर्व अध्यक्ष डा. एनपी गुप्ता अपने दो कार्यकाल के पार्षदों का स्नेह सम्मेलन करने जा रहे हैं। पूर्व नपाध्यक्ष डा. गुप्ता ने बताया कि उनका कार्यकाल सन 1995 से 2000 तथा 2010 से 2015 तक था। दोनों कार्यकाल के पार्षदों का स्नेह सम्मेलन 28 नवंबर को निगम भवन में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पक्ष-विपक्ष के सभी साथी निगम कक्ष में बैठकर सौहाद्रपूर्ण चर्चा में भाग लेकर अपने वार्ड तथा पालिका के अनुभव शेयर करें। कार्यक्रम का शुभारंभ 10.30 बजे होगा। महापौर रामू रोहरा के उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### प्लेसमेंट कैम्प 28 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा 28 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा बीमा सखी, इंश्योरेंस एडवाईजर, फायर मैन, सिक्युरिटी गार्ड, पैकेजिंग स्टॉफ, ड्राइवर, वॉर्ड ब्वाय आदि कुल 655 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### श्रम पंजीयन शिविर 1 से 30 दिसंबर तक

**धमतरी।** श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में एक से 30 दिसम्बर तक श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि यह शिविर निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी शिविर स्थल पर लगाई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 1 दिसंबर को धमतरी ब्लॉक के गागरा, 2 दिसंबर को कुरूद के उमरदा, 3 दिसंबर को नगर पंचायत मगरलोड और 4 दिसंबर को नगरी ब्लॉक के गोदाम निर्माण कार्य हरदीभाठा तालाब के पास नगरी में शिविर लगाया जाएगा। धमतरी ब्लॉक के मैरिज हॉल निर्माण कार्य डिपोपारा सोरिद में 8 दिसंबर, कुरूद के नारी में 9 दिसंबर, मगरलोड के राजपुर में 11 दिसंबर, नगरी के रानीगांव में 12 दिसंबर, धमतरी के छाती में 15 दिसंबर, कुरूद के दर्रा-खर्रा में 16 दिसंबर, मगरलोड के दूधवारा में 17 दिसंबर, नगरी के मल्हारी में 19 दिसंबर, धमतरी के दर्री में 22 दिसंबर, मगरलोड के 29 दिसंबर और नगरी के देवपुर में 30 दिसंबर को श्रम पंजीयन शिविर लगाए जाएंगे।

### शहर के बरडिया ज्वेलर्स में पांच महीने पहले हुई थी वारदात, दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है

# गोलीकांड का फरार तीसरा इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बरडिया ज्वेलर्स में पांच महीने पहले हुए लूट के प्रयास व फाइरिंग की घटना के फरार तीसरे पेशेवर आरोपी को पुलिस की संयुक्त टीम ने बालाघाट से गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि बीते 13 मई की रात्रि रायपुर रोड स्थित बरडिया ज्वेलर्स में दो नकाबपोशों ने लूट का प्रयास कर एयर पिस्टल से फाइरिंग की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में शामिल मास्टर माइंड तीसरा आरोपी अपने दोनों साथियों के साथ फरार हो गया। एसपी धमतरी की मानिटरिंग में कोतवाली व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने लोकेशन ट्रेस करते हुए आरोपी कुंअरसिंह चौरसिया व अमरपाल सिंह दोनों जिला भिंड मध्यप्रदेश निवासी को नागपुर व रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया जबकि तीसरा आरोपी फरार था। आरोपी अजय उर्फ गोलू भदौरिया एमपी निवासी की तलाश कर रही धमतरी पुलिस की टीम ने मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा तक पीछा करती रही। आखिर में पुलिस ने आरोपी अजय को बालाघाट से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया गया।

### आरोपी लगातार ठिकाना बदल रहा था

पुलिस जनसंवाद में आयोजित प्रेसवार्ता में इस मामले का खुलासा करते हुए एसपी सूरजसिंह परिहार ने बताया कि घटना के बाद फरार आरेपी अजय भदौरिया उर्फ गोलू लगतार अपना ठिकाना बदलते हुए विभिन्न राज्यों में छिप रहा था। वहीं अपनी पहचान छिपाने के लिए बार-बार मोबाइल भी बदल रहा था। आरोपी पुलिस से बचने मीडिया व सोशल मीडिया पर भी बराबर नजर रख रहा था। आरोपी को पकड़ने धमतरी पुलिस की दो विशेष टीम को रवाना किया गया। पहली टीम जिला भिंड मध्यप्रदेश गई, वहीं दूसरी टीम ने हरियाणा में आरोपी के संभावित ठिकानों पर तलाश शुरु कर दी। हरियाणा टीम को वहां आरोपी के छिपे होने का इनपुट मिला। इस आधार पर पुलिस ने दबिश की कार्रवाई शुरु कर दी। इस दौरान आरोपी हरियाणा से भागकर दिल्ली, भोपाल व ग्वालियर पहुंच गया। दोनों टीम ने आपस में समन्वय रखते हुए आरोपी के मूवमेंट को ट्रेस किया। जब आरोपी ग्वालियर से बस बदलकर मध्यप्रदेश के बालाघाट की तरफ भाग रहा था तब पुलिस की संयुक्त टीम ने पीछा कर आरोपी को बालाघाट में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व मोबाइल जप्त किया गया। सिटी कोतवाली ने आरोपी अजय भदौरिया उर्फ गोलू पिता सियाराम उम्र 26 वर्ष ग्राम देहरा थाना भिंड मध्यप्रदेश निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



#### आरोपी पर 14 गंभीर मामले दर्ज व 3 हजार का इनाम

धमतरी गोलीकांड की घटना का मास्टरमाइंड अजय सिंह भदौरिया उर्फ गोलू पेशेवर अपराधी है। आरोपी के खिलाफ मप्र के विभिन्न थानों में वर्ष 2015 से 2024 तक कुल 14 गंभीर अपराधिक प्रकरण दर्ज है जिसमें चोरी, मारपीट, धमकी, अवैध हथियार, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, रात्रि में चोरी, घर में घुसकर चोरी, डकैती की तैयारी एवं संगठित अपराध शामिल है। यह आपराधिक रिकार्ड आरोपी को पेशेवर अपराधी साबित करता है। कुख्यात आरोपी अजयसिंह भदौरिया उर्फ गोलू के लिए पुलिस अधीक्षक जिला भिंड मप्र द्वारा 3 हजार इनाम की घोषणा की गई थी।

### दुर्दांत अपराधियों का पुलिस से बच पाना संभव नहीं : परिहार

एसपी श्री परिहार ने टीम वर्क को अपराध निराकरण का श्रेय देते हुए कहा कि इस घटना के बाद सराफा संघ और चेंबर आफ कामर्स ने आरोपियों को पकड़ने ज्ञापन दिया था। हमें खुशी है कि हम उनकी चिंता दूर कर पाए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से संदेश देते हुए कहा है कि दुर्दांत अपराधियों का धमतरी पुलिस से बच पाना संभव नहीं है, चाहे वह कहीं भी छिपे हो।

प्रेसवार्ता में एएसपी एमएस चंद्रा, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, कोतवाली टीआई राजेश मरई, एसआई बीआर सिन्हा, साइबर प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह व उनकी टीम मौजूद रही।

#### आरोपी का निकाला जुलूस



गोलीकांड के मुख्य आरोपी अजयसिंह भदौरिया उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर पुलिस ने सिटी कोतवाली से सदर में जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी ने अपराध करना पाप है, कानून हमारा बाप है का नारा लगाया। इसके साथ ही कहा कि धमतरी की जनता हमें माफ करो। इससे पहले भी पुलिस ने गोलीकांड के गिरफ्तार दो आरोपियों का भी जुलूस निकाला था।

# 9 साल की मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी स्वास्थ्यकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 साल की मासूम बच्ची के साथ स्वास्थ्य विभाग के 58 वर्षीय शासकीय कर्मचारी द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किये जाने का मामला आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 वर्षीय बच्ची सरकारी क्वार्टर की तरफ फूल तोड़ने गई थी। वहीं पर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ड्रेसर रमाकांत पटेल 58 वर्ष पिता बृजलाल पटेल ग्राम गोरी थाना शाहपुर जिला मऊगंज मध्य प्रदेश वर्तमान निवासी मगरलोड भी मौजूद था। उसने बच्ची को 10 रुपये देकर खाली क्वार्टर में जाने कहा। बच्ची वहां गई तो उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह बच्ची अपनी आप को छुड़ाकर भाग गई और आप बीती अपने परिजनों को बताई। परिवारवालों की रिपोर्ट पर पुलिस ने रमाकांत पटेल के खिलाफ 18, 6 पाक्सो, बीएनएस की धारा 65, 65 (2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बीएमओ डॉ. शारदा ठाकुर ने कहा कि इस घटना की जानकारी उच्च अधिकारी को दी गई है। शासकीय क्वाटर का ताला कैसे खुला। चाबी वर्मा बाबू के पास थी। यह जांच का विषय है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768, 9098324969


# एसीबी का अधिकारी बताकर ग्रामीण युवक से लूट

- सोरम की घटना, सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अपने आपको एसीबी का अधिकारी बताते हुए तीन लोगों ने एक ग्रामीण युवक के घर कार्रवाई के नाम पर दबिश देकर मोबाइल, लैपटाप सहित अन्य सामान लूट लिया। शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम सोरम निवासी महावीर साहू पिता सुनील उम्र 20 वर्ष, निर्मल साहू पिता तिजऊराम उम्र 24 वर्ष ने रूद्री थाना में लिखित में शिकायत की थी कि 25 नवंबर की शाम 4 बजे तीन व्यक्ति उसके घर पहुंचे। वे अपने आपको एंटी करप्शन ब्यूरो का बड़ा अधिकारी बताकर पूरे घर व सामानों की तलाशी ली। शिकायतकर्ता द्वारा वारंट मांगने पर कार्रवाई को सिक्युरिटी से जुड़ा हुआ मामला बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में वारंट नहीं दिया जाता। कार्रवाई के दौरान उसके भाई से मोबाइल से कॉल करके सेटलमेन्ट करने की बात कही गई। पैसा नहीं देने की स्थिति में परिवार को जेल भेज देने की बात कही। संदेह होने पर उक्त लोगों ने पुलिस को कोई भी बात नहीं बताने के लिए कहा। इस दौरान वे लोग उसके घर से एक नग लैपटाप, एक नग आईपैड, 8 नग मोबाइल फोन जप्त कर ले गए। पीड़ित युवक ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ अपराध दर्जकर कड़ी कार्रवाई कर उन्हें दण्डित करने निवेदन किया। पीड़ित युवक ने कार्रवाई के दौरान अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज व वीडियो प्रस्तुत किया।

इस संबंध में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि हमें सूचना मिली कि 25 नवंबर की शाम तीन व्यक्ति ग्राम सोरम के एक घर में जाकर अपने आपको एसीबी का अधिकारी बताकर कुछ पूछताछ कर तलाशी ले रहे हैं। वहां से लैपटाप, एक टेबलेट, 8 नग मोबाइल फोन अपने साथ ले गए। पीड़ित ने बुधवार को थाना आकर शिकायत दर्ज कराई व सीसीटीवी फुटेज पेश किया। तस्दीक करने पर एफआईआर कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जो भी सामान घर से ले गए थे, उसे भी बरामद कर लिया गया है। इस मामले में दो आरोपी रामचन्द्र देवांगन 40 वर्ष धमतरी निवासी व नागेन्द्र पटेल उम्र 34 वर्ष जिला कोरिया निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरे आरोपी हितेश सिंग कोरिया निवासी की तलाश जारी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को रिमांड के लिए न्यायालय में पेश कर दिया गया है। आगे जांच व कार्रवाई जारी रहेगी।

### शासन के आदेश के अनुसार 30 नवंबर तक बढ़ी तिथि

# पंजीयन के लिए किसानों को मिला समय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समस्याओं के चलते इस साल कई किसान धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। शासन ने किसानों की समस्या को समझते हुए पंजीयन की तारीख बढ़ा दी है। जो किसान पंजीयन चूक गए हैं या किसी त्रुटि के चलते उनका पंजीयन निरस्त हो गया है, वे त्रुटि सुधार कर फिर से पंजीयन करा सकेंगे। इतना ही नहीं सुधार कराने किसानों को तहसील तक दौड़ लगानी पड़ रही थी। नए निर्देश के तहत सहकारी समितियों में ही सुधार कार्य किया जा सकेगा।

इस साल धान खरीदी के लिए शासन ने पैटर्न में बदलाव किया है। किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन किया गया। इसके बाद एकीकृत पोर्टल में पंजीयन किया गया। पैटर्न में इस बदलाव के चलते कई किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। कई किसानों का तो रकबा, खसरा, नाम, पिता का नाम सहित अन्य त्रुटि के चलते पंजीयन नहीं हो पाया है। वहीं संयुक्त खाता धारक सहित अन्य प्रकार के कई किसानों का पंजीयन भी नहीं हो पाया था। धान खरीदी शुरू होने से पहले समिति कर्मचारी भी हड़ताल पर चले गए थे, जिसके चलते भी पंजीयन प्रभावित रहा। किसानों से लगातार मिल रही शिकायत के बाद शासन-प्रशासन ने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की तारीख बढ़ा दी है। नए आदेश के अनुसार ऐसे किसान जिनके एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन कैरी फारवर्ड और फसल रकबे में संशोधन जैसे काम शेष हैं, वे अब 30 नवंबर तक समितियों में इन कार्यों को करा सकेंगे। गुरुवार से संशोधन पंजीयन का कार्य शुरू भी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी आरंभ होने से पहले ही शासन ने एकीकृत किसान पोर्टल को 31 अक्टूबर को बंद कर दिया था लेकिन बड़ी संख्या में किसान पंजीयन से छूट गए थे, जिसे देखते हुए 19 से 25 नवंबर तक पंजीयन करने का आदेश जारी किया गया था। अब इसकी अवधि बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई है। किसानों को पंजीयन की तिथि बढ़ने से राहत और फायदा भी मिला है। विशेष रूप से डुबान क्षेत्र के किसान, वन पट्टाधारी कृषक और शेष पंजीयन से वंचित कृषक लाभान्वित होंगे।



#### 202 किसानों का कैरी फारवर्ड शेष

पिछले साल कुल 1 लाख 28 हजार 344 किसानों का पंजीयन हुआ था। इसमें से इस साल 1 लाख 20 हजार 142 किसानों का पंजीयन कैरी फारवर्ड हुआ है। कई किसानों का मृत्यु या अन्य कारणों से पंजीयन समाप्त हुआ है। इसके बाद भी 202 किसान ऐसे हैं, जिनका त्रुटि के चलते पंजीयन कैरी फारवर्ड नहीं हो पाया है। इस साल 5 हजार 381 किसानों का नया पंजीयन हुआ है। इसके बाद भी कई किसान पंजीयन से चूक गए हैं। इन किसानों को अब पंजीयन के लिए मौका मिलेगा।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### चर्म रोग की रोकथाम के लिए लगाया शिविर

**गीदम।** एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से ग्रापं कमालूर में चर्म रोग निवारण विषेशज्ञ स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों में चर्म रोग संबंधी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना था। विशेषज्ञ डॉक्टर और परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा टीम ने 172 मरीजों का निशुल्क उपचार कर दवाइयां वितरित की। इसके अतिरिक्त 89 लोगों के रक्त की जाँच भी की गई। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित कर सके इस शिविर में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के परियोजना समन्वयक मोहनीश कुमार यादव, विशेष डॉक्टर व्यासनारायण पैंकरा, फार्मेसिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंद कुमारी यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी मांझी, पायलेट राजेश ताती ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### न्यायालय में प्रस्तावना का किया गया वाचन

**दंतेवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय प्रांगण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा न्यायाधीशों, कर्मचारियों, उपस्थित पक्षकारों को संविधान का महत्व बताते हुए प्रस्तावना का वाचन संपन्न किया गया। इसके अलावा जिला जेल दंतेवाड़ा में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा अनन्त दीप तिर्की द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में निरूद्ध बंदियों को संवैधानिक मूल्यो एवं संविधान का महत्व बताया गया, साथ ही निरूद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरूद्ध बंदियों से उनके विधिक समस्याओं एवं निराकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### वाहनों के फिसलने से लोग हो रहे घायल

# सड़क पर धान सुखाने से बढ़ रही मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के कई ग्रामीण इलाकों में इन दिनों सड़क पर धान सुखाने की आदत दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। रबी और खरीफ सीजन के दौरान यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। मुख्य मार्गों पर दूर तक फैले धान के कारण दोपहिया वाहन संतुलन खो देते हैं और चालक सड़क पर गिरकर घायल हो जाते हैं। समस्या का कोई पुख्ता और स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला है।

धमतरी शहर से लगे कई गांवों में बड़ी संख्या में किसान सड़क को ही सुखाई का मैदान बना लेते हैं। इससे सड़क आधी रह जाती है और आने-जाने वाले वाहनों के लिए फिसलन और टक्कर का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीण रमेश साहू, पूरण निषाद और जयलाल मरकाम बताते हैं कि यह प्रथा सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को दावत देती है। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर किसी को भय के बीच गुजरना पड़ता है। धान के लगातार फैलाव से न केवल रास्ता बाधित होता है, बल्कि वाहन तेज गति में आते ही फिसल जाते हैं। कई चालक धान पर चढ़ते ही नियंत्रण खो देते हैं और सड़क पर गिरकर घायल हो जाते हैं।

सड़क पर कृषि कार्य करना नियमों के खिलाफ है। इसके बावजूद जागरूकता की कमी और वैकल्पिक स्थानों की उपलब्धता न होने से यह पुरानी आदत लगातार जारी है। स्थानीय लोगों ने मांग उठाई है कि सड़क पर धान सुखाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए और किसानों को इसके लिए अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे की संभावना हमेशा बनी रहेगी। कई किसान चना, राहर और अन्य फसल को भी सड़क पर फैलाकर वाहन से मिंजाई कराने का तरीका अपनाते हैं। इससे जब वाहन गुजरते हैं तो फसल के रेशे पहियों में फंस जाते हैं और बाइक फिसलकर दूर जाकर गिरती है।

# कुरूद महाविद्यालय के बॉक्सिंग खिलाड़ियों का रहा दबदबा

■ अंतर महाविद्यालयीन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते गोल्ड, सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



शासकीय जे. योगानंदन छग महाविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन बॉक्सिंग प्रतियोगिता (महिला एवं पुरूष) का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में कुरूद महाविद्यालय के पांच खिलाड़ियों का चयन बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ है। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते महिला वर्ग में चयनित खिलाड़ी ईशा बीपीएड प्रथम सेमेस्टर, पुरूष वर्ग में केवल सिंह चन्द्राकर बीपीएड तृतीय सेमेस्टर ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया एवं टामिन बीपीएड प्रथम सेमेस्टर, तनुजा बीपीएड तृतीय सेमेस्टर, सोहन बीपीएड प्रथम सेमेस्टर के खिलाड़ी ने रजत पदक पर कब्जा किया।

विदित हो कि कुरूद महाविद्यालय सम्पूर्ण छग अंचल में विभिन्न खेल प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का गढ़ रहा है। प्रत्येक वर्ष 22 से 25 खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाते हैं एवं कुरूद महाविद्यालय के साथ पं. रविशंकर शुक्ल विव विद्यालय रायपुर एवं छग का नाम रोशन करते है। खिलाड़ियों के विजयी होने पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणि श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, डॉ. तरूण पटेल, कृपाराम साहू समेत अनेक प्राध्यापक एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से मिली स्वीकृति

# कोर्रा में 50 लाख से बनेगा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा कोर्रा के भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इस स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है तथा लंबे समय से लंबित बैंक भवन निर्माण की मांग अब पूरी होती दिखाई दे रही है। नए भवन के निर्माण से ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं बेहतर रूप से उपलब्ध हो सकेंगी तथा शाखा का संचालन और अधिक सुचारु रूप से संपादित हो सकेगा। इस स्वीकृति पर हर्ष जाहिर करते हुए जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, भाजपा नेतागण भीम देव साहू, चोवाराम साहू ने कहा कि विधायक चंद्राकर के मजबूत नेतृत्व, निरंतर फॉलो-अप और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत जिला धमतरी की शाखा कोर्रा में स्वयं के कार्यालय भवन निर्माण बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। बैंक प्रबंधन और सहकारिता विभाग ने 50 लाख की राशि भवन निर्माण के लिए स्वीकृत की है। क्षेत्रवासी हरीश चंद्राकर, भावप्रकाश साहू, भोलाराम फनेन्द्र सिन्हा, दुलार सिन्हा, जीवराखन साहू, गजेंद्र साहू, दुलेश, पद्मन, सुग्रीव नेताम ने कहा कि इस स्वीकृति से अब कोर्रा शाखा में एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और विस्तृत बैंक भवन का निर्माण होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं और सुविधाएं मिलेंगी। पूर्व महिला सरपंचगण सविता गंजीर, खिलेश्वरी निषाद, ताराराव, मालती साहू ने बताया कि विधायक अजय चंद्राकर लंबे समय से कोर्रा क्षेत्र की बुनियादी सुविधाएं सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग सेवा को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। यह निर्णय न सिर्फ बैंकिंग प्रणाली को सुदृढ़ करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता भी बढ़ाएगा। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए विधायक श्री चंद्राकर का आभार माना है।

### आमदी कॉलेज में संवैधानिक मूल्यों पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# संविधान भारत की आत्मा, दिशा और पहचान : डा. प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)




शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सामूहिक प्रस्तावना वाचन एवं संवैधानिक मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर तथा भारत के लोकतांत्रिक इतिहास को स्मरण करते हुए की गई।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, दिशा और पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि संविधान युवाओं को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी सौंपता है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार से आग्रह किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना को सदैव जीवन में अपनाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। सभी ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को जीवन में लागू करने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, आंचल अरोरा, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, महेश कुमार, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे व स्वयंसेवक साहिल कुमार, प्राची, दिव्या पटेल, संगीता, तुलसी रानी, डेमिन का योगदान रहा।

# एसबीआई ने कन्या छात्रावास को वाटर कूलर भेंट किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कन्या छात्रावास हेतु भारतीय स्टेट बैंक धमतरी की मुख्य शाखा व्दारा एक नग वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर संजय प्रसाद क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कांकेर, चेतन सिंह ठाकुर भारतीय स्टेट बैंक धमतरी, प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक, डॉ. देवाशीष हाजरा, परमानंद भोई रजिस्ट्रार, श्रीमती जयश्री पंचागम, अश्विनी कुर्रे, श्रीमती निशा तिवारी, एकता राजपूत, लक्ष्मीप्रिया प्रधान एवं छात्रावास की छात्राएं उपस्थित थीं।

# कालेज विद्यार्थी कर रहे एसआईआर का प्रचार-प्रसार




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की स्वीप एवं रासेयो इकाई 01 के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता एवं चुनाव साक्षरता के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी विजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को एसआईआर की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एसआईआर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने चलाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस प्रक्रिया के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करतें हैं एवं प्रगणन फार्म एकत्र करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के युवा स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता की।

मौके पर स्वीप एंबेसडर मोजेश कुमार, चंचल चंद्राकर सहित निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्य जागेंद्र सिंह, विषभ, हेमराज, यामिनी, भूमिका, खुमेंद्र साहू, भानुप्रिया, मंजुलता कंवर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भखारा से रामलला दर्शन के लिए श्रध्दालु अयोध्या रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

■ हरख जैन ने दिखाई वाहन को हरी झंडी

रामलला दर्शन तीर्थ योजना अन्तर्गत अयोध्या धाम के लिए नगर पंचायत भखारा भठेली से बुधवार को 4 वरिष्ठ नागरिक अयोध्या के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं के इस दल को विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, चोवाराम ढीढी, कमलेश साहू ने तिलक लगाकर विदा किया। विधायक प्रतिनिधि हरख जैन कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों को आध्यात्मिक सशक्तिकरण और राम भक्ति से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास है जो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूर दृष्टि और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। तीर्थयात्रियों की विदाई और स्वागत के दौरान जय श्रीराम के नारे से नगर पंचायत गूंज उठी। अयोध्या में रामलला दर्शन के लिए भखारा से टकेश्वरपुरी गोस्वामी, नागरिकगण खूबलाल साहू, श्यामलाल निषाद, फगवाराम साहू रवाना हुए।

# पचपेड़ी स्कूल के छात्रों ने भारतीय संविधान पर बनाए पोस्टर






हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

■ हमारा संविधान देश की आत्मा : रविंद्र

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में हमारा संविधान देश का अभिमान थीम पर चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों द्वारा भारतीय संविधान पर आधारित विभिन्न पोस्टर बनाए गए तथा संविधान निर्माण से संबंधित तथ्यों पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को चार टीमों में बांटा गया। प्रतियोगिता में पांच राउंड में सभी टीम को प्रश्न पूछे गए जिसमें सर्वाधिक स्कोर के आधार पर टीम डी को विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की आत्मा है। जिस प्रकार आत्मा के बिना शरीर का कोई महत्व नहीं, उसी प्रकार बिना संविधान के लोकतंत्र की सफलता का कल्पना करना व्यर्थ है। कार्यक्रम में व्याख्याता कमलेश कुमार कंवर का विशेष सहयोग रहा।

### सहायक प्राध्यापक ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की दी जानकारी

# उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में संविधान दिवस मना






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वद्यालय दुर्ग अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र धमतरी में संविधान दिवस हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी शिखा मरकाम सहायक प्राध्यापक ने संविधान की जागरूकता पर बढ़ावा देने की बात कही।

मुख्य अतिथि अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, धमतरी हेमंत टोप्पो ने संविधान को देश का सर्वोच्च कानून बताते हुए समाज सेवा, राष्ट्र सेवा पर विचार व्यक्त किये। सहायक प्राध्यापक सब्जी विज्ञान कल्पना कुंजाम ने संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। सहायक प्राध्यापक फल विज्ञान सरिता पैकरा ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों पर जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक द्वारिकाधीश चुरपाल ने संविधान को पढ़ने और संविधान द्वारा मिले अधिकारों को जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

इस अवसर पर भाषण, क्विज, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएससी उद्यानिकी तृतीय वर्ष के छात्र ओमप्रकाश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना राजकमल पटेल ने किया।

# शाउमावि रामपुर में संविधान दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रस्तावना का वाचन व संविधान की शपथ ली गई। बच्चों द्वारा संविधान दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उनके द्वारा भारतीय संविधान, संसद भवन एवं तिरंगा का चित्र बनाया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय भखारा, जिला धमतरी छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

मनोज जैन पिता जमुना लाल जैन, जाति जैन, निवासी ग्राम बोरझरा, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग.

मैं शपथकर्ता नीचे लिखे अनुसार शपथ पत्र पेश हैः-

1. यह कि मैं शपथकर्ता का नाम व पता ऊपर लिखे मुताबिक है।

2. यह कि मैं शपथकर्ता के पुत्र युग नाहर जिसकी जन्मतिथि 12/08/2008 है तथा वर्तमान में पुत्र युग नाहर नाबालिग होने के कारण से पिता की हैसियत से शपथ पत्र पेश कर रहा हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम युग नाहर पिता मनोज नाहर है तथा समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में युग नाहर ही चले आ रहा है। वर्तमान में आधार कार्ड बनवाते समय युग नाहर को योग्य कुमार जैन अंकित किया गया है जो कि भूलवश किया गया है। जिसके कारण से नाम परिवर्तन बाबत सलाह दिये जाने पर उपरोक्त आम सूचना दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचना जारी किया जाना है जिसकी पुष्टि बाबत मेरे द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत है।

3. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। असत्यता पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जा सकता है जिसका जिम्मेदार मैं स्वयं रहूंगा।

अतः शपथ पत्र पेश है। **शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूॅ कि मेरे द्वारा दी गई शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 03 तक की जानकारी पूर्णतः सत्य व सही है। सत्य व सही पाकर हॉल मुकाम भखारा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक - 27.11.2025 **सत्यापनकर्ता**

## खबर संक्षेप




### तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भानुप्रतापपुर।** जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 43 हितग्राहियों को उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर निर्मला कावड़े द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कोरेटी जनपद पंचायत सदस्य भानुप्रतापपुर भुनेश्वर, रघुवर सिंह मरकाम, सुरेन्द्र बघेल, मंजू जैन, कमलेश गावड़े व अन्य उपस्थित रहें।

### इलाज के दौरान बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के दौरान 14 वर्षीय आकाश मंडल का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। अचानक स्वास्थ्य अधिक खराब होने से इलाज के दौरान 25 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से ग्रामीण की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर तालाब में डूबने से 26 नवंबर को भानुप्रतापपुर निवासी 52 वर्षीय जय सिंह यादव का मौत हो गया। बोगर निवासी ओमप्रकाश यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत तालाब के पानी में डूबने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत हरनगढ़ निवासी 27 वर्षीय संजय ध्रुवा ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। हरनगढ़ निवासी 24 वर्षीय रोबिन ध्रुवा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 26 नवंबर को खेत की अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में इलाज के दौरान 26 नवंबर को साढ़े 6 बजें मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक नारायणपुर निवासी 27 वर्षीय त्रिनाथ भण्डारी का स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### निरीक्षण कर धान खरीदी केंद्र की समस्याओं किया समाधान



**कांकेर।** राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य और जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई नरहरपुर विकासखंड के ग्राम कुरना स्थित धान उर्पाजन केन्द्र पहुंचे तथा धान खरीदी व्यवस्था के विषय मे किसानों एवं लेंम्प्स समिति के कर्मचारियों से बातचीत किया। पूर्व में संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंधक के बीच धान खरीदी को लेकर तालमेल नही बैठने के कारण धान खरीदी केन्द्रों में प्रभारी नियुक्त नहीं हो सका था। जिसके कारण धान खरीदी में विलंब हो रहा था, जिससे किसान प्रभावित हो रहे थे और किसानो में आक्रोश व्याप्त था। इसलिए क्षेत्र के समस्त किसानों ने बैठक आयोजित कर समस्या के निराकरण के लिए चर्चा कर रहे थे, जिसे नितिन पोटाई की उपस्थिति में ताल मेल बनाकर धान खरीदी शुरू करने की पहल की गई।

---

शहर में 84 किमी पाइपलाइन बिछाने की योजना, 80 किमी का कार्य पूर्ण

# जल आवर्धन योजना फेज-2 का कार्य अंतिम चरण पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में पेयजल व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए जल आवर्धन योजना फेज-2 का कार्य अंतिम चरण पर है। जालमपुर, बठेनापारा, विंध्यवासिनी व सुंदरगंज सहित कई वार्डों में पाइपलाइन विस्तार का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले महीनों में इन सभी वार्डों में निर्बाध और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

वर्ष 2019 में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य शहरवासियों की आगामी 30 वर्षों की पानी की ज़रूरतों को पूरा करना है। इसी कड़ी में निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में कुल 84 किमी पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई गई थी, जिसमें से 80 किमी कार्य पूरा हो चुका है। शेष पाइपलाइन विस्तार का काम भी अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।



#### चार वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूरा

जालमपुर, अमलतासपुरम कॉलोनी, बठेनापारा, विंध्यवासिनी वार्ड और सुंदरगंज वार्ड में पाइपलाइन विस्तार के शेष कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। जल विभाग प्रभारी अखिलेश सोनकर के अनुसार करीब 4 किमी का कार्य बचा है, जिसे निर्धारित समय में पूरा किया जा रहा है।

#### सतत मॉनिटरिंग से कार्यों में आई गति

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है और निर्धारित समय सीमा में योजना को पूर्ण कर शहर के हर वार्ड में बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पाइपलाइन विस्तार पूरा होने के बाद नागरिकों को सुबह-शाम निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। नगर निगम का यह प्रयास शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

#### तीन नई पानी टंकियां

योजना के तहत शहर में तीन ओवरहेड वाटर टंकियों का निर्माण किया गया है। कांटातालाब सुभाषनगर क्षेत्र और गोकुलपुर वार्ड में बनी 9.50 लाख लीटर क्षमता वाली टंकियां शुरू हो चुकी हैं और इनसे आसपास के वार्डों को नियमित जल आपूर्ति मिल रही है। अधारी नवागांव में तैयार की गई 9.50 लाख लीटर की टंकी भी अपने परीक्षण चरण में है और जल्द ही इसे जलापूर्ति से जोड़ा जाएगा। लालबगीचा क्षेत्र में बनी टंकी भी शहर की सप्लाई मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।

---

## कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष ने छग प्रभारी पायलट को दिखाई एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने पार्टी स्तर पर एसआईआर को लेकर किये जा रहे कार्यों की संगठनात्मक ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा चरणदास महंत, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगिड़ सहित प्रदेश स्तरीय नेतागण मौजूद थे।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर के यार्ड में ब्लाक अध्यक्ष श्री शर्मा ने एसआईआर के लिए संगठन द्वारा बीएलए नियुक्ति, विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर, समस्त जोन मंडल बैठक, आवश्यक दिशा निर्देश, प्रशासन द्वारा अनियमितिता व सहयोग की मांग का ज्ञापन व सभी जानकारी सचिन पायलट व दीपक बैज को दी। जिसकी प्रशंसा करते हुए पायलट ने सभी बीएलए, कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता को अंतिम दिनों तक सभी निवासरत मतदाताओं का फार्म भरने में सहयोग करने व एक भी वाजिब मतदाता वंचित न रहे, फर्जी वोटर का नाम कटे, इस पर ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर लोकसभा एसआईआर समन्वयक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तारिणी चन्द्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

## बिरेतरा स्कूल में हुआ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संविधान दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में प्राचार्य गेवाराम नेताम ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य श्री नेताम ने बताया कि भारत के संविधान को 26 नवंबर सन 1949 को अंगीकृत एवं स्वीकृत किया गया।

भारत के संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, न्याय, समता ,राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता तथा संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, लोकतांत्रिक, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष गणराज्य तथा संविधान के आदर्श एवं मूल्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान क्लब के संयोजन में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्यातागण चोवाराम चंद्राकार, रोहित कुमार साहू, खेदी साहू, डी. संगीता राव, शाजिया परवीन, चेतन लाल देवांगन, चंद्रशेखर यादव, पीटीआई अश्वनी कुमार पाटकर, विज्ञान सहायक दुलेश्वर साहू, शिक्षिका माला साहू, मोनिका साहू, लिपिक सेवाराम यादव, भृत्य ईगन साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

## नवजात शिशु की देखभाल को मिलेगी नई मजबूती

- आईडीबीआई बैंक ने जिला अस्पताल को दी 6 रेडिएंट वॉर्मर मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईडीबीआई बैंक धमतरी शाखा ने सीएसआर मद के होप हेल्थ केयर प्रोग्राम फॉर एवरीवन अंतर्गत जिला अस्पताल को 6 अत्याधुनिक रेडिएंट वॉर्मर मशीनें प्रदान कीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने रिबन काटकर इन मशीनों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सरबजीत सिंह, जसप्रीत माडिया, धमतरी शाखा प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, डीपीएम सुश्री प्रिया कंवर तथा जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल प्रबंधन से मशीनों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में नवजात शिशु की देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए यह उपकरण अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी विकासखंडों में आवश्यकता के अनुसार एक-एक वॉर्मर मशीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षित प्रसव तथा नवजातों की प्राथमिक देखभाल को मजबूती मिल सके। प्रभारी सीएमएचओ डॉ. आदित्य सिन्हा ने बताया कि रेडिएंट वॉर्मर एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरण है, जिसका उपयोग एनआईसीयू, डिलीवरी रूम और पीडियाट्रिक वार्डों में नवजात शिशुओं को नियंत्रित तापमान प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह ओपन बेड सिस्टम नवजातों को हाइपोथर्मिया, ऑक्सीजन की कमी, लो ब्लड शुगर और सांस संबंधी समस्याओं से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने कहा कि प्रसव संख्या वाले उपस्वास्थ्य केंद्रों में इन मशीनों की स्थापना से ग्रामीण माताओं और नवजातों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध होगा।

---

## शीतलापारा वार्ड में एसआईआर कार्य का सभापति ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का गुरुवार को सभापति कौशिल्या देवांगन के साथ रीतिका यादव, केवल साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर फॉर्म भरने की प्रगति, दस्तावेज़ सत्यापन तथा मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

वार्ड में नियुक्त बीएलओ तारा पटेल द्वारा अब तक लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जाने की जानकारी दी गई। इस पर सभापति कौशिल्या देवांगन ने उनके कार्य की सराहना करते हुए शेष कार्य को समय पर एवं शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की महत्व बताते हुए बताया कि प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

---

## बेरोजगारों के साथ हुआ मजाक



- वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटरों ने कार्यभार प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के बेरोजगार युवाओं के साथ खूब मजाक हुआ है। आज बेरोजगारी की स्थिति क्या है, यह वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटरों से समझा जा सकता है। टेंडर बुलाकर आपरेटर भर्ती फिर टेंडर निरस्त करने से पीड़ित बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर वापस काम में रखने की मांग की है।

गुरुवार को करीब 100 की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटरों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि सहकारी समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल के कारण राज्य सरकार ने वर्ल्ड क्लास सर्विस लिमिटेड कंपनी को टेंडर प्रदान किया था कि जिले के 100 लोगों को वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में भर्ती करना है।

दीपककुमार, नारायण साहू ने बताया कि वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में भर्ती होने के बाद सभी आपरेटरों ने पूरी निष्ठा और कर्तव्यों के साथ कार्य किया लेकिन शासन ने अचानक कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया जिससे 100 आपरेटर रोजगारविहीन हो गए हैं। वैकल्पिक आपरेटरों ने कलेक्टर से पूर्ववत नियुक्ति एवं कार्यभार प्रदान करने की मांग की है।

---

## 54 घंटे में आइडिया से स्टार्टअप बनाने का मिलेगा मौका

- टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड 28 से 30 नवम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



युवाओं और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड धमतरी का आयोजन 28, 29 और 30 नवम्बर को बरदिहा लेकव्यू रिसोट गंगरेल डैम डांगीमाचा में सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विकासगढ़ एवं छत्तीसगढ़ बिज़नेस मॉड्स फोसी के सहयोग से आयोजित होगा। यह आयोजन उन प्रतिभागियों को मंच प्रदान करेगा जो किसी विचार को परिष्कृत कर उसे सफल स्टार्टअप के रूप में विकसित करना चाहते हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को 54 घंटे तक लगातार कार्य कर अपने आइडिया को स्टार्टअप मॉडल में बदलने, बीचहेड मार्केट पहचानने तथा उसे वैश्विक स्तर पर स्केल करने की तैयारी कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 10 से अधिक निवेशक, 20 से अधिक अनुभवी मेंटर्स, 50 संभावित स्टार्टअप टीम तथा 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इससे युवाओं, छात्रों, स्टार्टअप फाउंडर्स और प्रोफेशनल्स को व्यापक मार्गदर्शन व नेटवर्किंग का अवसर मिलेगा। यह आयोजन उन सभी के लिए खुला है जो किसी विचार को व्यवसायिक रूप देना चाहते हैं-चाहे वे छात्र हों, नौकरीपेशा, या पहले से ही स्टार्टअप चला रहे उद्यमी।

---

## स्वयंसेवकों ने एड्स की भ्रांतियों को दूर करने नाटक प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की रासेयो इकाई द्वारा मुजगहन, लोहरसी और रत्नाबांधा में नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से एचआईवी, एड्स संक्रमण के कारण, रोकथाम तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से तीन दृश्यों में आधारित यह नाटक प्रस्तुत किया गया।

प्रथम दृश्य में युवराज, प्रज्ञा और सुष्मिता ने असुरक्षित यौन संबंध अर्थात एक से अधिक शारीरिक संबंधों से एचआईवी फैलने के खतरे को दर्शाया, जिसमें डॉक्टर की भूमिका हेमलता ने निभाई। द्वितीय दृश्य में राधिका द्वारा निभाई गई जागरूक गर्भवती महिला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सरकारी अस्पतालों में एचआईवी की जांच एवं परामर्श सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। तृतीय दृश्य में लिखेंद्र, युवराज, महिमा और प्रज्ञा ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और एक ही सिरिंज के उपयोग से एचआईवी फैलने के जोखिम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने एनएसएस स्वयंसेवकों के इस प्रयास की सराहना की। स्वयंसेवकों ने एचआईवी, एड्स संबंधी भ्रांतियों को दूर करने और सकारात्मक जागरूकता को समाज में निरंतर फैलाने का संकल्प लिया।




---


विधायक रोजाना वीसी के जरिये ले रहे अपने बीएलए व संयोजकों की समीक्षा बैठक

# लोकतंत्र के अस्त्र व शस्त्र हैं मतदाता : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को अपने विधानसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत पूरा करवाने को लेकर गंभीरता से जुटे हुए हैं। वे इस कार्य में लगे जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों और बूथ संयोजकों से लगातार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बातचीत कर प्रतिदिन की कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि आगामी 4 दिसबंर तक प्रदेश में एसाईआर प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम तिथि तय की गई है। इसे लेकर विधायक श्री चंद्राकर रोज शाम को वीसी के माध्यम से जुड़कर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से बातचीत कर कार्य को गति देने आवश्यक सुझाव दे रहे हैं। बैठक के दौरान अभियान की समीक्षा की गई जिसमें कुरुद विधानसभा की प्रगति 77.5 प्रतिशत पाई गई। इस पर जोर देते हुए उन्होंने इस कार्य को अब युद्ध स्तर पर पूरा करने की बात कही।




#### सभी लोग फील्ड में सक्रिय होकर काम करें

इस दौरान श्री चंद्राकर ने बूथ संयोजकों एवं बीएलए से कहा कि एक भी असली वोटर एसआईआर में छूटना नहीं चाहिए और फर्जी वोटर जुड़ना नहीं चाहिए। सभी लोग फील्ड में सक्रिय हो कर काम करें। असली मतदाताओं की पहचान करें और जो मतदाता बाहर रह रहे हैं, उनसे संपर्क कर नाम एक जगह जुड़वाने के लिए कहें। उन्होंने बताया कि एसआईआर महत्वपूर्ण प्रक्रिया है एवं लोकतंत्र का अस्त्र और शस्त्र मतदाता है। हमें सफल प्रयास करना है कि असली मतदाता एसाईआर से न छूटे। उन्होंने कई बूथों में अब तक 50 प्रतिशत भी कार्य पूरा नहीं होने पर जमकर नाराजगी व्यक्त की।

#### एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज हो तो करे आपत्ति

विधायक श्री चंद्राकर ने विशेष रूप से कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और विवाह के बाद परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों के नाम सूची में जुड़ जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान वास्तविक व पात्र मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बाहरी मतदाताओं को लेकर सतर्क रहने और यदि ऐसे मतदाता पाए जाते हैं, जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, तो उन पर आपत्ति दर्ज कराने को कहा।

---

## लालबगीचा वार्ड में आवागमन सुधार को मिली नई दिशा

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में आवागमन संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पार्षद एवं सभापति (विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग) श्रीमती हिमानी साहू ने वार्डवासियों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित पहल करते हुए जैनब पैलेस के इंचार्ज से मुलाकात की और मार्ग में आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान रास्ते में हो रही रुकावटों को तुरंत दूर करने, अनियमित व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने तथा आवश्यक सुधार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। जैनब पैलेस के इंचार्ज ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया और संबंधित कमेटियों से व्यवस्था सुधार में साथ देने की अपील की। साथ ही एक सहमति-पत्र भरवाकर भविष्य में किसी भी अव्यवस्था से बचने हेतु जिम्मेदारी तय की गई। इस पहल के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे और उन्होंने पार्षद हिमानी साहू की तत्परता की सराहना की। इस कदम से वार्डवासियों को अब निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे दैनिक जीवन में सहजता आएगी और स्थानीय विकास कार्यों को भी गति प्राप्त होगी।





## खबर संक्षेप

### निबंध प्रतियोगिता में इश्प्रीत रहीं प्रथम

**धमतरी।** श्री गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहीदी शताब्दी पर आयोजित अंतरविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी की कक्षा दसवीं की छात्रा इश्प्रीत कौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। इश्प्रीत कौर के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला परिवार एवं प्रबंधन समिति गौरवान्वित है।



### जिले के प्रमुख मार्गों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे सक्रिय



- नियमों के उल्लंघन पर होगी स्वचालित कार्रवाई

**धमतरी।** जिले के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य चौराहों पर अत्याधुनिक एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। ये कैमरे 24×7 निगरानी करते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता, गाड़ी की फिटनेस, एसआरटी नंबर प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन का स्वतः पता लगाएंगे। प्राप्त डेटा के आधार पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध स्वचालित ऑनलाइन चालान जारी किए जाएंगे। जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान ने कहा कि आधुनिक तकनीक से यातायात अनुशासन को और मजबूत किया जाएगा तथा सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।
अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि समय-समय पर अपडेट रखें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा में सुधार, दुर्घटनाओं में कमी तथा व्यवस्थित यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

### आमदी कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट का रोपण

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के दिशा-निर्देश में महाविद्यालय में सुंदरलाल मंडावी गार्डनर धमतरी एवं खेमराज साहू द्वारा ऑक्सीजन प्लांट का रोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने आक्सीजन प्लांट के रोपण को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उपयोगी बताया। इस पौधे की विशेषता है कि हवा को शुद्ध करता है। फॉर्मल एल्डिहाइड, बेंजीन टॉक्सिक को हटाता है। तापमान और नमी को नियंत्रित करता है। कम पानी में भी आसानी से जीवित रहता है। इसे घर, बगीचे या गमले कहीं पर भी उगाया जा सकता है। रात में भी थोड़ी ऑक्सीजन छोड़ता है।

बांधों के लबालब होने से सैकड़ों बोर, हैंडपंप फिर चालू

# बारिश बनी धमतरी की जीवनरेखा दो मीटर उछला भूजल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कभी पानी के अभाव से जूझने वाला धमतरी जिला इस बार की झमाझम बारिश से नई ऊर्जा के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। छह महीने पहले जहां जिला जल-अभाव क्षेत्र घोषित हो चुका था, वहीं अब हालात इतने बेहतर हो गए हैं कि गांव से लेकर शहर तक राहत की हवा बह रही है। लगातार हुई अच्छी वर्षा ने न सिर्फ तालाब, बांध और स्टॉप डैम को भर दिया, बल्कि जिले के भूजल स्तर को लगभग 2 मीटर तक ऊपर उठा दिया है। इसका सीधा फायदा उन ग्रामीणों को मिला है, जिनके सैकड़ों बार हैंडपंप महीनों से सूखे पड़े थे।

गर्मी के दिनों में जहां भूजल स्तर 21.30 मीटर की खतरनाक गहराई तक पहुंच गया था, वहीं अब स्थिति स्थिर और सुकून देने वाली है। विशेषज्ञों के अनुसार बारिश का यह असर तभी स्थायी बन सकता है, जब पूरे जिले में जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। पिछले 20-22 वर्षों में जिले का औसत जलस्तर लगातार गिरता रहा है और हर 4-5 साल में करीब एक मीटर की गिरावट दर्ज की गई है। धमतरी, मगरलोड, कुरुद और नगरी ब्लॉक में इसका प्रभाव स्पष्ट तौर पर देखा गया, जिसमें मगरलोड सबसे प्रभावित रहा। जिला प्रशासन का कहना है कि मौजूदा सुधार भरोसा दिलाता है कि सामूहिक प्रयासों से जिले की पानी की समस्या को स्थायी रूप से हल किया जा सकता है।

हर घर, हर खेत और हर नए निर्माण में वर्षाजल संचयन अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। किसानों को फसल चक्र परिवर्तन अपनाने की सलाह भी दी जा रही है, जिससे जल उपयोग प्राकृतिक संतुलन में बना रहे। लगभग डेढ़ वर्ष पहले शुरू किया गया जलजगार अभियान बड़े आयोजन और शपथ कार्यक्रमों के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाया। हालांकि इस अभियान से कई सरकारी कार्यालयों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दोबारा कार्यशील हो गए, जो एक सकारात्मक शुरुआत है। लेकिन ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आम जनता की वास्तविक भागीदारी अभी भी बढ़ाना आवश्यक है।

शहरी क्षेत्र की बात करें तो धमतरी नगर निगम के कई इलाकों में 15-20 मिनट की बारिश में ही पानी भर जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि अधिकांश मकानों में वर्षाजल संचयन प्रणाली अब तक नहीं लगी है। पिछले वर्ष बने नए मकानों में भी आधे से ज्यादा बिना वॉटर हार्वेस्टिंग के ही खड़े हैं, जिसका समाधान प्रशासन जल्द करने की दिशा में काम कर रहा है।

इस साल जिले में 1156 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गंगरेल, माड़मसिल्ली, दुधावा और सोंढूर बांध लबालब हैं, जिससे निस्तारी, पेयजल और रबी फसलों की सिंचाई की सारी चिंताएं दूर हो गई हैं।

# राशन कार्ड बनवा दे साहब, चाऊर लेके खाथन



- राशन कार्ड व आवास से वंचित कमार परिवार की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत झूरातराई के आश्रित ग्राम घटवारी पारा में रहने वाला गरीब आदिवासी कमार परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। हिरायाबाई पति मगन राम कमार और उनका परिवार घने जंगलों व नालों से घिरे इस दूरस्थ पारा में झोपड़ी बनाकर किसी तरह जीवनयापन कर रहा है। आधार कार्ड होने के बावजूद अभी तक उनका राशन कार्ड नहीं बना है, जिसके कारण परिवार को सरकारी खाद्यान्न का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पीएम जनमन आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं से भी यह परिवार अब तक वंचित है। हिरायाबाई बताती हैं कि वे नाले का गंदा पानी पीकर गुजारा करते हैं और किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी ने अब तक उनकी सुध नहीं ली है। पत्रकारों की टीम जब लगभग ढाई किमी के दुर्गम वन मार्ग से गुजरकर उनके घर पहुंची तो हिरायाबाई ने भारी मन से कहा राशन कार्ड बनवा दे साहब, चाऊर लेके खाथन। यह सुनकर सभी कुछ देर तक स्तब्ध रह गए। टीम ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सरपंच व सचिव से उनकी मदद के लिए आग्रह किया जाएगा। आश्वासन पाकर हिरायाबाई के चेहरे पर उम्मीद की हल्की मुस्कान लौट आई।

# धारिणी बनीं महिला बाल विकास अधिकारी

- सीजीपीएससी में 11वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देना माता-पिता की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी का परिणाम है कि सनसिटी कुरुद निवासी कुमारी धारिणी कुर्रे पिता महेंद्र कुर्रे सीजीपीएससी की परीक्षा में 11 वीं रैंक हासिल कर महिला बाल विकास अधिकारी बन गई हैं।

उनकी इस उपलब्धि पर समाज के जिला पदाधिकारी, ब्लाक पदाधिकारियों ने उन्हें शाल और गुरु वचन पट्टिका देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भावसिंह डहरे, तेजेश्वर कुर्रे, रोहित कुर्रे, राजकुमार टंडन, खिलावन बारले, चोमन जोशी, भागीरथी चंद्रवंशी, हेमराज डहरे, डीके टंडन उपस्थित थे।

## हड़ताल की रूपरेखा तैयार करने 29 नवंबर को कर्मचारी भवन में होगी बैठक

# सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैए के खिलाफ फेडरेशन करेगा 22 दिसंबर से हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरुद्ध हड़ताल करने का निर्णय लिया है। राजधानी रायपुर में 19 नवंबर को कोर कमेटी की बैठक में 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रांतव्यापी कलमबंद हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रदेशभर के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध हो रही अवैधानिक और दमनात्मक कार्रवाई की प्रशासनिक प्रवृति के विरुद्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

फेडरेशन की मांगों में केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से डीए लागू किया जाए, डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति नियमों 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस किया जाए। दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने।

तीन दिवसीय प्रांतव्यापी हड़ताल की रूपरेखा तैयार करने 29 नवंबर शनिवार को दोपहर 3 बजे कर्मचारी भवन कचहरी चौक धमतरी में बैठक रखी गई है। चन्दूलाल चन्द्राकर जिला संयोजक ने उपस्थिति की अपील की है।

# रचनात्मक कार्य ही साहू



- तहसील साहू समाज धमतरी के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तहसील साहू समाज धमतरी ग्रामीण का शपथ ग्रहण साहू समाज भवन बांसपारा में ओंकार साहू विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि समाज को संगठित करना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, युवा उत्थान, नारी सशक्तिकरण, रचनात्मक एवं पारदर्शितापूर्ण कार्य, समाज की उत्तरोत्तर प्रगति हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सामाजिक विकास कार्य के लिए विधायक 10 लाख की घोषणा की। संरक्षक ओंकार साहू, अवनेंद्र साहू, केकती साहू, ज्योति साहू, अध्यक्ष डा. ललित साहू, उपाध्यक्ष चिरौंजी साहू, रुक्मणि साहू, संगठन सचिव टीकाराम साहू, पदमनी साहू, सचिव केवल साहू, कोषाध्यक्ष ललित चौधरी, अंकेक्षक बलराम साहू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष घुरवा राम साहू, गौकरण साहू, उत्तरा साहू, अशोक साहू, शत्रुघन साहू, हेमंतमाला, द्वारिका साहू, उमेशचंन्द साहू, लेखराम साहू, भुनेश्वर साहू, देहुति साहू, कुन्ती साहू, कंचन साहू, प्रतिमा साहू, किशोर कुमार साहू, लालचंद साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, पुरानिक साहू, डुमनलाल साहू, डा. दिनेश साहू समेत अन्य शामिल किए गए। तहसील अध्यक्ष ने बताया कि भविष्य में अन्य लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा।

# संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि देश का नैतिक मार्गदर्शक है : नेहा

- संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



संविधान दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन में आदर्श शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रवास धमतरी एवं शासकीय डा. शोभाराम देवांगन शाउमावि धमतरी एवं जिला जेल धमतरी में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना तथा आवश्यक विधिक प्रावधानों की समझ देना था।

श्रीमती नमिता मिंज अपर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आदर्श शासकीय प्री- मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रवास धमतरी में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी की सचिव श्रीमती नेहा उसेन्डी शासकीय डा. शोभाराम देवांगन शाउमावि धमतरी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के मूल सिद्धांत न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के बारे में प्रेरक जानकारी दी तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। बाल विवाह की रोकथाम, दंडात्मक प्रावधान और इससे बच्चों के भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव, साइबर बुलिंग, फेक प्रोफाइल, निजी डेटा की सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, पॉक्सो एक्ट, टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की जानकारी दी गई। जिला जेल में अभियुक्त के अधिकारों एवं उनकी ओर से बचाव किए जाने हेतु निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बारे में बताया गया। सचिव श्रीमती नेहा उसेन्डी ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश का नैतिक मार्गदर्शक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसके मूल मूल्यों का पालन करें।

# सेजेस कंडेल से गांधी उद्यान तक निकली संविधान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। हमर संविधान हमर अभिमान एवं हमारा संविधान हमारा संविधान थीम पर आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत प्रातः 7:30 बजे सेजेस कंडेल से गांधी उद्यान कंडेल तक लगभग 3 किलोमीटर की संविधान यात्रा निकाली गई। यात्रा में प्राचार्य प्रो रविश दास, कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर सिन्हा वहीं सेजेस कंडेल प्राचार्य राहुल नेताम, कार्यक्रम अधिकारी सीएल धीवर समेत दोनों संस्थानों के स्टाफ तथा एनएसएस स्वयंसेवक शामिल हुए। गांधी उद्यान कंडेल पहुंचने पर सरपंच गिरधर सार्वा एवं यतीश भूषण श्रीवास्तव तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। सरपंच गिरधर सार्वा ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का बोध कराता है। युवा पीढ़ी संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होगी तो राष्ट्र विकास की गति और मजबूत होगी। प्राचार्य राहुल नेताम ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के भविष्य और नागरिक चरित्र का आधार है।

### महाविद्यालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता का संदेश कार्यक्रम का आयोजन कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# मोहलाई के पोल्ट्री फार्म में तेंदुए की दबिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले का जंगल वन्यप्राणी तेंदुआ के लिए मुफीद है। कुकरेल तथा नगरी तहसील क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखे जाने की खबर सुर्खियों में रहती है। शहर से 15 किमी दूर कुकरेल तहसील के ग्राम मोहलाई स्थित पोल्ट्री फार्म में तेंदुआ के घुसने और मुर्गियों का शिकार करने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहलाई स्थित पोल्ट्री फार्म के भीतर एक केज में सैकड़ों मुर्गियां पाली जा रही हैं, वहां तेंदुआ घुस गया। केज के अंदर तेंदुआ ने कई मुर्गी को अपना शिकार बनाया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची। तेंदुआ को पकड़ने में वन विभाग मशक्कत कर रहा था और तेंदुआ केज के अंदर ही इधर- उधर भागता रहा। कुछ देर के बाद तेंदुआ केज से निकलकर जंगल की ओर भाग गया। तेंदुआ को देखने ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वन विभाग ने लोगों को हिंसक वन्य प्राणियों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# छत से गिरकर बिजली मिस्त्री की मौत

**धमतरी।** खाना खाते समय युवक अचानक छत से गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय स्टेशनपारा निवासी एहसान अली पिता मुश्ताक अली उम्र 48 वर्ष बिजली मिस्त्री का काम करता था। रोजाना की तरह युवक बुधवार को छत में खाना खाने चढ़ा था। छत में बाउंड्रीवाल नहीं है। खाना खाते समय युवक अचानक छत से नीचे गिर गया। घटना में युवक को अंदरूनी चोट लगी थी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिफर कराकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नॉर्मल डिलीवरी
• सिजेरियन
• हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा...
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का वेजर द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020